डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

आभासी पोंगल समारोह - 2021-2022

त्योहार हमारी सभ्यता और संस्कृति के दर्पण होते हैं। उल्लास और हँसी - खुशी का संचार करके स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल में आभासी पोंगल का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा पाँचवीं की छात्रा साधना द्वारा गायत्री मंत्र के मधुर उच्चारण से हुई। तत्पश्चात कक्षा पाँचवीं का छात्र कौशिक राम ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

पोंगल के त्योहार को अधिक विस्तृत रूप से बताने के लिए कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने एक नाट्य मंचन प्रस्तुत किया, जिसमें हरित क्रांति और किसानों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी कठिनाइयों से भी अवगत करवाया गया। कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य प्रस्तुत करके अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। लोहड़ी और बिहू में किए जाने वाले नृत्यों ने संपूर्ण वातावरण में नया जोश भर दिया। कक्षा तीसरी के छात्रों ने पोंगल के तीन दिनों के महत्त्व को अपने बहुभाषी भाषण के साथ इस प्रकार प्रस्तुत किया कि सभी मंत्रमुग्ध हो गए। विद्यार्थियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत करके जनमानस को भावविभोर कर दिया। कक्षा चौथी के छात्र-छात्राओं ने माट्टू पोंगल पर मवेशियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए किसानों में पोंगल के प्रति उत्साह को दिखाया। 'पोंगल का त्योहार है आया, खुशियों की बहार है लाया।' छात्राओं ने इस मधुर कविता से पोंगल त्योहार की संपूर्ण झाँकी प्रस्तुत की तथा साथ ही करोना के नियमों का पालन करने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम का अंतिम आकर्षण हमारे विद्यालय परिसर में पारंपरिक तरीके से पकाया गया मीठा स्वादिष्ट और सुगंधित पोंगल था। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति और परंपराओं को सीखने का अवसर दिया। हमारी प्रधानाचार्या महोदया ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और इस अवसर पर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

आभासी पोंगल समारोह - 2021-2022

पोंगल त्योहार से सबंधित जानकारी प्रस्तुत करते हुए छात्रवृंद



नई फसल और पोंगल का चित्रात्मक प्रस्तुतीकरण





छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मधुर गीत व संगीत

पोंगल त्योहार को मनाते हुए प्रधानाचार्या जी एवं शिक्षकगण